दैनिक
# न्याय साक्षी



संपादकीय

## चीन बहाना खोज रहा है

चीन की विस्तारवादी नीतियों का सबसे पहला शिकार भारत हो सकता है। पूर्वी और दक्षिण पूर्वी एशिया के देश भी हैं लेकिन उन्हें लेकर चीन ज्यादा चिंता में नहीं रहता है। उसको पता है कि चीन और इन देशों की सभ्यता और नस्ल एक है, इसलिए देर-सबेर ये देश चीन के वर्चस्व को स्वीकार करेंगे। ऐसी भविष्यवाणी सैमुअल पी हटिंगटन ने सभ्यताओं के संघर्ष के अपने सिद्धांत में भी की है। सो, असली चिंता भारत को करनी है और अमेरिका सहित पूरे सभ्य संसार को करनी है।

यूक्रेन पर रूस के हमले में चीन अपने लिए मौका देख रहा है। वह अलग अलग तरीके से इस बर्बर हमले को न्यायसंगत ठहरा रहा है और उसे किसी तरह हिंद प्रशांत से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। इससे ऐसा लग रहा है कि वह रूस-यूक्रेन जंग के बहाने हिंद प्रशांत में टकराव बढ़ाने का बहाना खोज रहा है। अन्यथा दोनों की तुलना करना का कोई मतलब नहीं है। चीन के उप विदेश मंत्री ली युचेंग ने नाटो की तुलना क्वाड से की है। चीन पहले भी हिंद प्रशांत में बने चार देशों के समूह क्वाड को लेकर चिंता जताता रहा है और इसे नाटो के विस्तार का प्रतिरूप कहता रहा है। लेकिन एक जंग के बीच चीन का यह कहना कि 'यूक्रेन एशिया प्रशांत का आईना है', मामूली बात नहीं है।

ध्यान रहे अमेरिका और दूसरे देश, जिसे हिंद प्रशांत कहते हैं उसे चीन एशिया प्रशांत ही कहता है, जैसा पहले कहा जाता था। इसे लेकर उसके उप विदेश मंत्री ली युचेंग ने कहा है- यूक्रेन एशिया प्रशांत का आईना है और यह देखना होगा कि हम कैसे एशिया प्रशांत में यूक्रेन जैसे खतरे को रोक सकते हैं। उन्होंने क्वाड यानी चार देशों- अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया के समूह की तुलना नाटो से की है और कहा है कि अमेरिका ऐसे छोटे छोटे ब्लॉक बना कर नाटो का विस्तार कर रहा है। यानी जहां वह सीधे नाटो को नहीं ले जा सकता है वहां दूसरे छोटे समूह बना कर नाटो को पहुंचा रहा है। चीन की इस बात से भारत के कान खड़े होने चाहिए क्योंकि यह बड़े खतरे का संकेत है।

अगर यूक्रेन पर रूस के हमले को बारीकी से देखें तो उसकी शुरुआत भी ऐसे ही हुई थी। पहले यूक्रेन के नाटो का सदस्य बनने की चर्चा शुरू हुई और उसके साथ ही रूस ने नाटो का खतरा दिखाना शुरू किया। उसने यूक्रेन के नाटो में शामिल होने को लेकर चेतावनी जारी की। यूक्रेन नाटो में शामिल भी नहीं हुआ, लेकिन रूस ने हमला कर दिया। इसका मतलब है कि नाटो का खतरा दिखाना एक बहाना था। उसे किसी तरह से यूक्रेन पर हमला करना था। जैसे उसने क्रीमिया पर कब्जा किया था उसी तरह उसे पूर्वी यूक्रेन के डोनबास इलाके पर कब्जा करना था, जिसके बारे में उसका दावा था कि इस इलाके में रूसी बोलने वालों की बहुतायत है, उनकी रूसी नागरिकों के साथ नस्ली समानता है और वह ऐतिहासिक रूप से रूस का हिस्सा रहा है। सोचें, क्या चीन इसी तरह का दावा भारत के कई इलाकों को लेकर नहीं करता है? उसने 70 साल पहले तिब्बत पर कब्जा किया और तब से अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत बता कर उस पर अपना दावा करता है। पिछले दिनों उसने अरुणाचल के कई जगहों के नए तिब्बती नाम रखे। वह भारत के कई इलाकों के नागरिकों से भाषायी व नस्ली समानता तलाश रहा है और कुछ खास भौगोलिक क्षेत्र पर इतिहास का हवाला देकर दावा कर रहा है।

यूक्रेन पर हमला करने के लिए रूस ने इसी तरह से शुरुआत की थी और दूसरे चरण में नाटो का खतरा दिखाना शुरू किया था। ऐसा लग रहा है कि चीन ने भी पहला चरण पूरा कर लिया है और दूसरे चरण में क्वाड को नाटो जैसा बता कर उसका भय दिखाना शुरू किया है।

अजीत द्विवेदी

## अडानी पावर में होगा 6 कंपनियों का विलय, बोर्ड की मंजूरी मिलते ही रॉकेट बने कंपनी के शेयर




**नई दिल्ली।** अडानी पावर ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने अपनी छह पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनियों के अपने साथ विलय के लिए एक समामेलन योजना को मंजूरी दे दी है।

बीएसई फाइलिंग में कहा गया है, अडानी पावर लिमिटेड के निदेशक मंडल ने 22 मार्च, 2022 को हुई अपनी बैठक में, आवश्यक अनुमोदन/सहमति के अधीन, कंपनी की विभिन्न पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के समामेलन की योजना को मंजूरी दी।

इन कंपनियों का होगा वियल

फाइलिंग के अनुसार, अडानी पावर के साथ विलय की जाने वाली सहायक कंपनियां अडानी पावर महाराष्ट्र लिमिटेड, अडानी पावर राजस्थान लिमिटेड, अदानी पावर (मुंद्रा) लिमिटेड, उडुपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर एनर्जी लिमिटेड और रायगढ़ एनर्जी जेनरेशन लिमिटेड हैं। बता दें कि ये कंपनियां अडानी पावर की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनियां हैं।

**अडानी पावर को मिलेंगी इन कंपनियों की संपत्ति -** योजना की नियत तिथि 1 अक्टूबर, 2021 होगी। इन छह कंपनियों की पूरी संपत्ति और देनदारियां अडानी पावर को ट्रांसफर कर दी जाएंगी। इस योजना का उद्देश्य अधिक लचीला और मजबूत कंपनी का निर्माण करना है। कंपनी की फाइलिंग में कहा गया है कि लंबी अवधि में बेहतर वित्तीय रिटर्न हासिल करने के लिए केंद्रित तरीके से कारकों पर ध्यान दिया जा रहा है। बता दें कि इस विलय योजना के तहत कंपनी के इक्विटी शेयरधारिता पैटर्न में कोई बदलाव नहीं होगा, क्योंकि योजना के संबंध में फर्म द्वारा कोई शेयर जारी नहीं किया जा रहा है। अडानी पावर की छह शाखाएं बिजली उत्पादन और बिक्री के कारोबार में भी लगी हुई हैं।

**अडानी पावर के शेयर में जबरदस्त तेजी-** इस खबर के बाद अडानी पावर के शेयरों में आज जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है। बाजार खुलते ही कंपनी के शेयर 8.57प्रतिशत फीसदी उछलकर 134.35 रुपये पर पहुंच गए थे। फिलहाल अडानी पावर के शेयर 6.55प्रतिशत तेजी के साथ 131.85 पर कारोबार कर रहे हैं।

### छप्परफाड़ रिटर्न : टाटा ग्रुप की कंपनी टीटीएमएल के शेयरों की उड़ान जारी, मालामाल हुए निवेशक

टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेलीसर्विसेज लि. (टीटीएमएल) के शेयर लगातार उड़ान भर रहे हैं। केवल 11 सत्रों में ही टीटीएमएल के शेयरों ने करीब 59 रुपये प्रति शेयर का मुनाफा दिया है। आठ मार्च को यह स्टॉक 93.40 रुपये पर आ गया था और आज अपर सर्किट के साथ एनएसई पर 152.00 रुपये पर है। एक साल में टीटीएमएल ने 978.01प्रतिशत रिटर्न दिया है। एक साल पहले जिसने भी एक लाख रुपये इसमें लगाए होंगे, उसका एक लाख 10 लाख 78000 रुपये हो गया होगा। क्योंकि एक साल पहले इसकी कीमत 14.10 रुपये थी। यह स्टॉक 290.15 रुपये से 93.40 रुपये तक लुढक़ने के बाद पिछले 11 सत्रों से लगातार अपर सर्किट के साथ कारोबार कर रहा है।

## चार्ट बनने के बाद भी कैंसिल किए ट्रेन टिकट पर मिलेगा रिफंड : रेलवे



**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अगर आप ऑनलाइन टिकट बुक करते हैं और चार्ट बनने के बाद किसी वजह से टिकट कैंसिल कराना पड़ता है तो अब आपको रिफंड मिल सकेगा। पहले चार्ट बनने के बाद टिकट कैंसिल कराने पर रिफंड नहीं मिलता था। लेकिन, अब आप इसके लिए दावा कर सकते हैं।

रेलवे ने एक ट्वीट में बताया कि अगर आपको आपात स्थिति में चार्ट बनने के बाद टिकट कैंसिल कराना पड़े तो भी आप रिफंड के लिए दावा कर सकते हैं। आईआरसीटीसी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडिल पर एक वीडियो में बताया कि बिना यात्रा किए गए टिकटों पर रेलवे की ओर से रिफंड मिलता है। इसके लिए आपको टिकट डिपॉजिट रसीद ऑनलाइन जमा करना पड़ता है।

## शेयरों में भारी गिरावट को लेकर सेबी ने मांगा पेटीएम से जवाब

**नई दिल्ली।** पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का स्टॉक मंगलवार को अपने इश्यू प्राइस से 75 पर्सेंट तक टूट गया। कंपनी के शेयर 540 रुपये के नीचे आ गया। जिसके बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज ने कल कंपनी से शेयरों की कीमत में तेज गिरावट को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था। जवाब में कंपनी ने बुधवार को कहा कि उसके पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है, जिसका असर स्टॉक्स के प्राइस और वॉल्यूम पर पड़ सकता है। कंपनी ने कहा कि कंपनी और उसका बिजनेस पूरी तरह से मजबूत हैं।

**बीएसई को देते रहते हैं जानकारी-** पेटीएम ने आगे कहा कि हम तय समय पर सभी जरूरी जानकारियां बीएसई को देते रहते हैं। पेटीएम ने कहा कि हम यह भी बताना चाहते हैं कि बिजनेस फंडामेंटल्स मजबूत बने हुए हैं, जो 4 फरवरी, 2022 को जारी नतीजों में दिखता है

## जेसन रॉय को आईपीएल 2022 से हटना पड़ा महंगा, ईसीबी ने दो मैचों के लिए किया सस्पेंड, जुर्माना भी लगाया



**लंदन।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने जेसन रॉय को दो मैचों के लिए बैन कर दिया है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई बुरे आचरण की वजह से की गई है।

ईसीबी ने अपने एक बयान में कहा है, जेसन के अपने ऊपर लगे आरोपों को स्वीकार कर लेने के बाद क्रिकेट अनुशासन समिति (सीडीसी) के अनुशासन पैनल ने उनके खिलाफ अपना फैसला सुनाया है। रॉय का मानना है कि उन्होंने जिस तरह का आचरण किया है, वैसा उन्हें नहीं करना चाहिए था क्योंकि इससे क्रिकेट, ईसीबी और उनकी खुद की बदनामी हुई है। जेसन ने ईसीबी के गाइडलाइंस 3.3 का उल्लंघन किया है।

हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यहां उनके किस बुरे आचरण की बात की जा रही है। लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है आईपीएल 2022 के लिए गुजरात टाइटंस द्वारा खरीदे गए रॉय ने बायो बबल का हवाला देते हुए लीग के 15वें सीजन से अपना नाम वापस ले लिया था और इसी वजह से उन पर बैन लगाया गया है।

ईसीबी ने कहा, जेसन इंग्लैंड के अगले उन दो मैचों से सस्पेंड हो गए हैं जिनमें वह चयन के पात्र होंगे लेकिन ये निलंबन 12 महीने का भी हो सकता है। हालांकि ये उनके व्यवहार पर निर्भर करता है। इसके अलावा, उन पर 2,500 यूरो का जुर्माना भी लगाया गया है, जिसका भुगतान उन्हें 31 मार्च, 2022 तक करना होगा। उल्लेखनीय है कि साल 2019 में इंग्लैंड को 50 ओवरों का विश्व कप जीतने में मदद करने वाले जेसन ने हाल ही में घोषणा की थी कि वह क्रिकेट से कुछ समय के लिए ब्रेक ले रहे हैं।

## रोहित शर्मा को हुआ नुकसान, कगिसो रबाडा ने लगाई लंबी छलांग

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानि के आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी लेटेस्ट मेंस वनडे प्लेयर्स रैंकिंग में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को नुकसान उठाना पड़ा है। ताजा रैंकिंग में रोहित एक स्थान नीचे लुढक़कर चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। उनके फिलहाल 791 रेटिंग प्वाइंट्स है। वहीं, विराट कोहली अपने दूसरे नंबर पर बरकरार हैं। विराट के 811 रेटिंग अंक हैं। विराट और रोहित ही आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में बल्लेबाजों की लिस्ट में टॉप-10 में शामिल मात्र दो भारतीय बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 873 रेटिंग के साथ टॉप पर मौजूद हैं। उनके अलावा बांगलादेश के खिलाफ दूसरे वनडे में 41 गेंदों पर 62 रनों की पारी खेलने वाले क्विटंन डिकॉक एक पायदान ऊपर चढक़र तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। उनके हमवतन रासी वेन डेर डुसेन ने भी दो स्थानों की सुधार किया है और अब वह छठे नंबर पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों की लिस्ट में जसप्रीत बुमराह एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं, जो टॉप-10 में शामिल हैं। बुमराह 679 रेटिंग के साथ छठे नंबर पर मौजूद हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट 737 रेटिंग के साथ टॉप पर कायम हैं। बॉलिंग लिस्ट में टॉप-7 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ अपने करियर में दूसरी बार पांच विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा पांच स्थानों की लंबी छलांग लगाकर आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। रबाडा के 658 रेटिंग अंक हो गए हैं।

## दुनिया की नंबर वन टेनिस स्टार एश्ले बार्टी ने 25 की उम्र में लिया संन्यास, फैंस हैरान



**नईदिल्ली।** दुनिया की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी एश्ले बार्टी ने संन्यास का ऐलान कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की बार्टी ने पहले भी टेनिस ब्रेक लिया था लेकिन इस बार वह वापसी के लिए तैयार नहीं है। बार्टी ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करके फैंस को अपने इस फैसले के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने साथ ही बताया कि वह गुरुवार 24 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसका आधिकारिक ऐलान भी करेंगी।

25 साल की एश्ले बार्टी ने इंस्टाग्राम पर वीडियो मैसेज शेयर करते हुए लिखा, 'आज का दिन मेरे लिए मुश्किल और भावनाओं से भरा है क्योंकि मैं पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा कर रही हूं। मुझे नहीं पता था कि इस खबर को आपके साथ कैसे साझा किया जाए, इसलिए अपनी अच्छी दोस्त कैसडेलाकुआ से मदद करने को कहा।'

उन्होंने आगे लिखा, 'खेल ने मुझे जो कुछ भी दिया है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। गर्व महसूस कर रही हूं। इस सफर में मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों के लिए धन्यवाद, मैं हमेशा उन अमिट यादों के लिए आभारी रहूंगी जो हमने एक साथ बनाई हैं।' 3 बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन एश्ले बार्टी ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली हैं। उन्होंने इसी साल ऑस्ट्रेलियन ओपन के महिला सिंगल्स का खिताब जीता था।

बार्टी को ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े खेल सुपरस्टार्स में शुमार किया जाता है। इस साल की शुरुआत में ही उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब अपने नाम किया था। वह 44 सालों में यह खिताब जीतने वाली पहली ऑस्ट्रेलियन खिलाड़ी थी। बार्टी मौजूदा समय में वर्ल्ड नंबर वन खिलाड़ी हैं. ऐसे में किसी को भी इस बात की उम्मीद नहीं थी कि वह संन्यास लेंगी।

## कंगना के लॉक अप में चेतन हंसराज की हुई एंट्री



लोकप्रिय टीवी और फिल्म अभिनेता चेतन हंसराज ने कंगना रनौत द्वारा होस्ट किए गए शो लॉक अप में प्रवेश किया है। उन्होंने रियलिटी शो में 11वें कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री की है।

चेतन का कहना है कि शो में प्रवेश करते समय उनकी मिली-जुली भावनाएं थी। उत्साह भी था और आशंका भी।

मैं वास्तव में इस अनूठे शो का हिस्सा बनने के लिए अद्भुत महसूस कर रहा हूं और बहुत उत्साहित हूं लेकिन घबराया हुआ भी हूं, यह सोचकर कि यह वहां सब कैसे होने वाला है। मैं अलग-अलग लोगों से घिरा रहूंगा, जिन्हें मैं नहीं जानता और कुछ लोगों को मैं जानता हूं। लेकिन कुल मिलाकर, मैं बहुत उत्साहित हूं।

बीआर चोपड़ा की महाभारत में युवा बलराम की भूमिका के साथ अपने करियर की शुरूआत करने वाले अभिनेता कुसुम, कहानी घर घर की, फियर फैक्टर इंडिया जैसे शो में नजर आ चुके है।

मैंने 18 साल तक बालाजी के साथ बहुत काम किया है। इसलिए, यह अभी भी घर जैसा लगता है। मैं ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर की एक नई टीम के साथ काम करके भी बहुत खुश हूं।

लॉक अप ऑल्ट बालाजी और एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम होता है।

## यशोदा में स्टंट करती नजर आएंगी सामंथा




सामंथा रूथ प्रभु अपनी आने वाली फिल्म यशोदा में कुछ मुश्किल स्टंट करेंगी। हॉलीवुड स्टंटमैन यानिक बेन को अभिनेत्री के लिए स्टंट को प्रशिक्षित करने और कोरियोग्राफ करने के लिए लाया गया है। सामंथा ने पहले यानिक बेन के साथ लोकप्रिय वेब श्रृंखला द फैमिली मैन 2 के लिए काम किया था। वह एक और बार स्टंट समन्वयक के साथ काम करने वाली हैं। एक थ्रिलर के रूप में जानी जाने वाली, यशोदा में सामंथा मुख्य भूमिका में होंगी। उत्साहित अभिनेत्री ने अपने स्टंट प्रशिक्षक के साथ तस्वीर सांझा की है। यशोदा श्रीदेवी मूवीज के तहत नवोदित निर्देशक जोड़ी हरि-हरीश द्वारा निर्देशित है। शिवलेंका कृष्ण प्रसाद द्वारा निर्मित, यशोदा में तमिल अभिनेत्री वरलक्ष्मी सरथकुमार भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगी। यशोदा के निर्माताओं का लक्ष्य इसे तेलुगु, तमिल, मलयालम, हिंदी और कन्नड़ में एक साथ रिलीज करना है।

## गर्मी में शरीर के लिए सबसे फायदेमंद है खरबूजा

गर्मियों का मौसम शुरू हो चुका है। जी हाँ और इस मौसम में कई तरह के फल बाजार में मिलते हैं और वह सभी शरीर के लिए फायदेमंद साबित होते हैं। हालाँकि गर्मियों के मौसम में खरबूजा अधिक मात्रा में मिलता है। ऐसे में हर व्यक्ति खरबूजा खाना पसंद करता है। आपको बता दें कि खरबूजे में 95% पानी के साथ कैल्शियम, आयरन, विटामिन ए और विटामिन सी भी अधिक मात्रा में पाया जाता है। जी हाँ और इसके सेवन से शरीर को ठंडक मिलती है, और साथ ही हृदय में जलन की परेशानी भी दूर होती है। इसके अलावा भी इसको खाने के कई फायदे हैं जिनके बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं। आइए जानते हैं।

वजन कम करने में- खरबूजा एंटीऑक्सीडेंट का स्रोत है और जिन फलों में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, वे मोटापा (ओबेसिटी) को कम करने का काम कर सकते हैं। इसके अलावा खरबूजे में डाइटरी फाइबर भी पाया जाता है जो मोटापा कम करने में मदद करता है।

कैंसर रोकने के लिए- खरबूजे में बड़ी मात्रा में आर्गेनिक पिगमेंट केरोटेन्वाइड पाया जाता है, जो कैंसर से बचाने के साथ ही लंग कैंसर की संभावना को भी कम करता है।

**आंखों के लिए-** खरबूजे में विटामिन-ए और बीटा कैरोटीन मिलता है, जो आंखों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। इससे आंखों की रोशनी तेज हो सकती है।

**मधुमेह-** खरबूजे में ऑक्सीकाइन पाया जाता है, जो रक्त में शुगर के स्तर को संतुलित करने में सहायक हो सकता है। जी हाँ और यह ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस को भी दूर रखने का काम कर सकता है।

**फेफड़े स्वस्थ-** खरबूजा बीटा-कैरोटीन से समृद्ध होता है। यह लंग्स कैंसर पर प्रभावी असर दिखा सकता है। इसी के साथ इसके छिलके व गूदा में मौजूद बीटा-कैरोटीन और एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को ऑक्सीजन-मुक्त कणों से बचाते हैं और इसी वजह से फेफड़े से संबंधित कैंसर से सुरक्षा मिलती है।


**गर्भवती महिलाओं के लिए -** गर्भवती महिलाओं के लिए खरबूजे का सेवन फायदेमंद साबित होता है।

**दांत दर्द-** खरबूजे में विटामिन भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं और विटामिन दांत दर्द से छुटकारा दिलवाता है।

## शब्द सामर्थ्य- 20

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 019 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

## सू-दोकू- 20

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.019 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

*मेष:* आज का दिन बेहतर होगा। व्यापार को बढ़ाने से धन लाभ में काफी इजाफा होगा। किसी काम को करने में आज जल्दबाजी करने से बचें। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाईयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा।

*वृष :*आज का दिन अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी दी जायेगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। आज सामने आयी सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता हाथ लगेगी।

*मिथुन :*आज तकदीर आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहे हैं वो आज किसी के मदद से पूरा हो जाएगा। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। अगर पहले से ली हुई जमीन को बेचना चाह रहे हैं तो आपको इससे काफी फायदा होगा।

*कर्क :*आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो आसानी से पूरा हो जाएगा। शाम को घर की जरूरत का सामान लेने मार्केट जायेंगे, जाते समय जेब में थोड़े ज्यादा पैसे लेकर जाएं क्योंकि आज खर्च बढ़ सकता है।

*सिंह :*आगे बढने के लिए आज का दिन बेस्ट है। कई दिनों से आपकी तरक्की में आ रही रुकावटें आज दूर हो जाएगी। इस के बिल्डर्स को आज धनलाभ होगा, साथ ही कोई अच्छा कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। पहले से बनायी हुई योजनाएं आज पूरी हो जाएगी।

*कन्या :*आज का दिन बिजनेस के लिए फायदेमंद रहेगा। इस के नौकरी कर रहे लोगों को आज आगे बढने का सुनहरा मौका मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बढिया रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में मन लगेगा।

*तुला :*आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन अच्छा है। धार्मिक कार्यो को जीवनसाथी के साथ करने से शुभ फलो की प्राप्ती होगी।

*वृश्चिक :*आज आपकी अंदरूनी ताकत कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। आज आपको सावधान रहने की जरूरत है। आप बढ़ी हुई ऊर्जा के साथ कोई कार्य करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा।

*धनु :*ऑफिस में आपका कॉन्फिडेंस देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे। अगर आज नए काम को शुरू करें तो आगे चलकर आपको काफी फायदा होगा। आज किसी से बात करते समय मीठी भाषा का प्रयोग करें।

*मकर :*आज का दिन सामान्य रहेगा। आज किसी अन्य पर भरोसा न करें। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नयी योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा। परिवार में चल रही टेंशन आज समाप्त हो जायेगी।

*कुम्भ :*प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। कई सालों से नही बिक रही जमीन आज अच्छे दामों में बिक जाएंगी। स्वास्थ्य अच्छा बनाये रखने के लिए टहलना फायदेमंद साबित होगा।

*मीन :*आज का दिन अच्छा रहेगा। इस के ट्रैवेल्स एजेंसी वाले लोगों को आज का दिन बढिया रहेगा। अचानक से कहीं धनलाभ हो सकता है। आज किसी करीबी से फोन पर काफी देर तक बात होगी।